# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**Admission 2022 : School of Engineering and Technology**

**News Paper: Dainik Jagran** **Date: 20-04-2022**

# हकेंवि की दाखिला प्रक्रिया शुरू

- 12वीं के बाद बीटेक में है रोजगार की अपार संभावनाएं
- हकेंवि में बीटेक के चार पाठ्यक्रम उपलब्ध

**संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़ :** भारत तकनीकी जनशक्ति के मोर्चे पर विश्व का सबसे बड़ा देश है। बावजूद इसके अभी भी इसके विकास की आवश्यकता शेष है। यही वजह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष रूप से तकनीकी व कौशल विकास पर जोर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेंवि), महेंद्रगढ़ इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है और इसके लिए विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर चार बीटेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विवि अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है, और इस प्रयास में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विवि में सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीटेक के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



प्रो. टंकेश्वर कुमार

विवि के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विवि के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तैयार करना है। विवि इसके लिए ऐसा वातावरण प्रदान कर रहा है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को उसके उच्चतम स्तर तक विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए योग्य एवं औद्योगिक व अनुसंधान अनुभव रखने वाले शिक्षक उपलब्ध हैं। स्कूल के पास आधुनिक उपकरणों एवं नवीनतम अनुसंधान सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं के साथ समृद्ध पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें, जबकि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलाजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं। विवि में बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले सीयूईटी 2022 के माध्यम से किए जा रहे हैं। बीटेक में प्रवेश वाले अभ्यर्थी 06 मई तक वेबसाइट अथवा विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Haribhoomi** **Date: 20-04-2022**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की दाखिला प्रक्रिया

## 12वीं कक्षा के बाद बीटेक में है रोजगार की अपार संभावनाएं, हकेंवि में बीटेक के चार पाठ्यक्रम

### विवि अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

भारत तकनीकी जनशक्ति के मोर्चे पर विश्व का सबसे बड़ा देश है। बावजूद इसके अभी भी इसके विकास की आवश्यकता शेष है। यही वजह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष रूप से तकनीकी व कौशल विकास पर जोर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है और इसके लिए विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर चार बीटेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर का कहना है कि विश्वविद्यालय अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है और इस प्रयास में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीटेक के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

#### विवि की वेबसाइट पर कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

कुलपति प्रो. टंकेश्वर का कहना है कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तैयार करना है। विश्वविद्यालय इसके लिए ऐसा वातावरण प्रदान कर रहा है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को उसके उच्चतम स्तर तक विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए योग्य एवं औद्योगिक व अनुसंधान अनुभव रखने वाले शिक्षक उपलब्ध हैं। स्कूल के पास आधुनिक उपकरणों एवं नवीनतम अनुसंधान सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाओं के साथ समृद्ध पुस्तकालय भी उपलब्ध है।



महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय का भवन। फोटो : हरिभूमि

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूलसिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें जबकि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय में बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले सीयूईटी 2022 के माध्यम से किए जा रहे हैं। बीटेक में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी छह मई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Dainik Bahskar** **Date: 20-04-2022**

## हकेंवि में बीटेक के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले शुरू, 6 मई तक करें आवेदन

**महेंद्रगढ़** | हकेवि, महेंद्रगढ़ के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर 4 बीटेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विवि अब इनोवेशन व इन्क्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है, और इस प्रयास में स्कूल ऑफ इंजी. एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। विवि में सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीटेक के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कम्प्यूटर साइंस एंड इंजी., सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें जबकि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं। बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले सीयूईटी 2022 के माध्यम से किए जा रहे हैं। बीटेक में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 6 मई तक वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in अथवा वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Amar Ujala** **Date: 20-04-2022**

अपना पशन लन क लिए आए। संवाद

हकेंविवि

12 वीं के बाद बीटेक में है रोजगार की अपार संभावनाए : कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार

## स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में बीटेक के चार पाठ्यक्रम उपलब्ध

संवाद न्यूज एजेंसी



हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ संवाद

**महेंद्रगढ़।** भारत तकनीकी जनशक्ति के मोर्चे पर विश्व का सबसे बड़ा देश है। बावजूद इसके अभी भी इसके विकास की आवश्यकता है। यही वजह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष रूप से तकनीकी व कौशल विकास पर जोर दिया गया है।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है और इसके लिए विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर चार बीटेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है, और इस प्रयास में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बीटेक के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तैयार करना है।

विश्वविद्यालय इसके लिए ऐसा वातावरण प्रदान कर रहा है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को उसके उच्चतम स्तर तक विकसित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए योग्य एवं औद्योगिक व अनुसंधान अनुभव रखने वाले शिक्षक उपलब्ध हैं।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें जबकि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय में बीटेक पाठ्यक्रमों में दाखिले सीयूईटी 2022 के माध्यम से किए जा रहे हैं। बीटेक में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 6 मई तक विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Panjab Kesari** **Date: 20-04-2022**

# हकेवि की दाखिला प्रक्रिया: स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी

**महेंद्रगढ़,** सरोज यादव (पंजाब केसरी): भारत तकनीकी जनशक्ति के मोर्चे पर विश्व का सबसे बड़ा देश है। बावजूद इसके अभी भी इसके विकास की आवश्यकता शेष है। यही वजह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष रूप से तकनीकी व कौशल विकास पर जोर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है और इसके लिए विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर चार बी.टेक. पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विश्वविद्यालय अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है, और इस प्रयास में स्कूल आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में सीयूईटी 2022 के अंतर्गत बी.टेक. के स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

- **12वीं के बाद बी.टेक. में है रोजगार की अपार संभावनाएं**
- **हकेवि में बी.टेक. के चार पाठ्यक्रम उपलब्ध**

टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी का उद्देश्य सामाजिक तथा कॉर्पोरेट जिम्मेदारी के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने वाले पेशेवर तैयार करना है। विश्वविद्यालय इसके लिए ऐसा वातावरण प्रदान कर रहा है, जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की क्षमता को उसके उच्चतम स्तर तक विकसित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शिक्षण के लिए योग्य एवं औद्योगिक व अनुसंधान अनुभव रखने वाले शिक्षक उपलब्ध हैं। स्कूल के पास आधुनिक उपकरणों एवं नवीनतम अनुसंधान

के साथ समृद्ध पुस्तकालय भी उपलब्ध है।

स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें जबकि पिंरटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं।

विश्वविद्यालय में बी.टेक. पाठ्यक्रमों में दाखिले सीयूईटी 2022 के माध्यम से किए जा रहे हैं। बी.टेक. में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 06 मई तक वेबसाइट अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से आनलाइन

पंजाब केसरी Wed, 20 April 2022
mpaper.punjabkesari.com/c/67549170

# Central University of Haryana

NAAC Accredited 'A' Grade University

**Public Relations Office**

**News Paper: Jagmarg** **Date: 20-04-2022**

# हकेवि में बीटेक के चार पाठ्यक्रम उपलब्ध

**महेंद्रगढ़, (जगमार्ग न्यूज)।** भारत तकनीकी जनशक्ति के मोर्चे पर विश्व का सबसे बड़ा देश है। बावजूद इसके अभी भी इसके विकास की आवश्यकता शेष है। यही वजह है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में विशेष रूप से तकनीकी व कौशल विकास पर जोर दिया गया है। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ इस दिशा में निरंतर प्रयास कर रहा है और इसके लिए विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में स्नातक स्तर पर चार बीटेक पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार का कहना है कि विश्वविद्यालय अब इनोवेशन व इंक्यूबेशन की दिशा में अग्रसर है, और इस प्रयास में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की भूमिका महत्त्वपूर्ण है। स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के अधिष्ठाता प्रो. फूल सिंह ने बताया कि स्कूल के अंतर्गत तकनीकी शिक्षा के चार पाठ्यक्रम कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी उपलब्ध हैं। इनमें कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 60-60 सीटें जबकि प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग टेक्नोलॉजी में 30 सीटें शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए उपलब्ध हैं। बीटेक में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी आगामी 06 मई तक वेबसाइट https://cuet.samarth.ac.in अथवा विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।